# मैहर में महाकाल लोक की तरह क्यों नहीं किया जा रहा विकास

## महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अत्याचार- भ्रष्टाचार में नंबर वन, विकास में जीरो है मध्य प्रदेश की सरकार

नवभारत न्यूज

**मैहर 14 फरवरी। मैहर में भी महाकाल लोक की तर्ज पर बने मां शारदा लोक बनाया जाना चाहिए। आज मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सत्ता करते 22 वर्ष हो चुके और इस कार्यकाल में अत्याचार, आदिवासी महिलाओं के साथ दुष्कर्म में नंबर वन बन चुकी है वहीं विकास के नाम पर जीरों और उदासीन है।**

उक्त आरोप आज मैहर से कटनी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बैरासी



सेतिया ने कहा कि आज मध्य प्रदेश में 22 सालों से भाजपा को राज करते हो गए जिससे प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार ब?ा है। आज प्रदेश की सरकार कर्ज के रुपयों को ला?ली लक्ष्मी योजना में बांट कर वाह वाही लूट रही है।

श्रीमती रीना ने कहा कि राज्य सरकार उज्जैन के महाकाल मंदिर पर महाकाल लोक बना सकती है तो फिर मां शारदा मंदिर में ऐसा लोक बनाने का काम क्यों नहीं शुरू किया जा रहा है जब कि प्रदेश में 13 स्थानों में इस तरह के लोक बनाए जा रहे है। यहां पर काफी संख्या में मां के भक्तगण दर्शन करने आते है मगर सुविधा के नमा पर कुछ नहीं है।

इस ऐतिहासिक मां के मंदिर का लोक के रूप में परिवर्तित करते हुए विकास किया जाना चाहिए। माता की नगरी में भ्रष्टाचार का बोलबाला है जैसे हाल ही में शिक्षा विभाग का घोटाला सामने आया है। इसी तरह मैहर में वायु प्रदूषण की स्थिति खतरनाक लेवल पर जा रही है जिससे आने वाले दिनों में दिल्ली की तरह गंभीर स्थिति न बन जाए इसलिए शहर में वायु प्रदूषा को नियंत्रण में लाने के लिए एक विशेष कार्य योजना बनाई जाने की आवश्यकता है।अन्य शहरों की अपेक्षा मैहर में विकास न के बराबर हो रहा है।

अंत में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी और मैहर के समग्र विकास के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

### सेवा दल ने किया स्वागत

नव नियुक्त महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के प्रथम मैहर आगमन पर जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ,कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के कुशल नेतृत्व में नगर अध्यक्ष मुकेश सेन, ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे ,महिला अध्यक्ष सुषमा अरजरिया के संयुक्त आयोजकत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुनील कोरी ध्वज रक्षक, अभिषेक सेन ,कमला सेन ,गोल्डी, प्रतिमा, उर्मिला, जहीर मोहम्मद, अरुण कुशवाहा, रतन सेन, ताज मोहम्मद, विनोद विश्वकर्मा, रवि नंदन प्रजापति, सियानंद रजक, कोदू लाल रजक,, पुष्पराज सिह अंकित सेन ,किशन द्विवेदी, महेंद्र रजक ,अश्विनी द्विवेदी, उमाशंकर तिवारी सहित सेवा दल परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मैहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेश घई, रमापति गौतम, चू?ामणि बढ़ोलिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति,डॉ. रशिम सिंह, पंकज कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष नादान रामभद्र पांडे,ब्लॉक अध्यक्ष अमजद भाई, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा दीपा मिश्रा नगर परिषद अध्यक्ष रामनगर, हनी सिह, अमरपाटन समर सिह, केशव प्रसाद चौरसिया ,रजनीश शर्मा, महेंद्र त्रिपाठी, पंकज, नित्यानंद तिवारी, समर्पण शुक्ला, अखंड सिह ,नितिन, राजू ,यशवंत सिह, गुलाब , सुरेंद्र मिश्रा, बहादुर द्विवेदी ,गीता सोंधिया ,आशिक खान, बालकरण पांडे, शुभकरण, महेश,सुरेश ,सोमचंद, साकेत, सीमा पटेल ,पार्षद मंजू गुप्ता,सौरभ गुप्ता,अनीता शर्मा, सुषमा अरजरिया,दीपू मिश्रा ,सुनील कोरी, नागेंद्र शराफ. सहित सतना से आई काफी संख्या में महिलाएं एवं कांग्रेस कार्यकताह उपस्थित रहे।




# राष्ट्रीय रामायण मेला आज से, देश भर के सुप्रसिद्ध कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 14 फ्रवरी धर्मनगरी में 53वां रामायण मेला 15 फ्रवरी से सीतापुर स्थित रामायण मेला परिसर में आयोजित होगा। मेले का उद्घाटन जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज करेंगे और समापन 19 फ्रवरी को विष्णु सम्प्रदायाचार्य जगद्गुरु संतोषाचार्य (सतुवा बाबा) करेंगे।**

मेले में देशभर से संत, मनीषी, कथाव्यास, सांस्कृतिक दल और कलाकार भाग लेंगे। चित्रकूट के सभी अखाड़ों के संत-महात्मा शोभायात्रा के साथ मेला परिसर पहुंचेंगे। मेले में पं. रामलोचन तिवारी, देवी निहारिका, मानसमुक्ता यशोमति, सीताराम शरण रामायणी, साध्वी पूनमदास, वन्दना तिवारी जैसे कथाव्यास अपनी प्रस्तुति देंगे।

इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीता राय का भजन गायन, डॉ अनु सिन्हा की रामायण नृत्यनाटिका, आराधना सिंह, बंदा बैरागी, संजोली पाण्डेय का लोकगायन शामिल होगा। मेले में आकाशवाणी प्रयागराज की सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित होगी। मेले के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया और महामंत्री डॉ करुणा शंकर द्विवेदी ने बताया कि मेले को सफ्ल बनाने में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है।

# फंदे में फंसा तेंदुआ रेस्क्यू शिकारी गिरफ्तार

**उचेहरा। शिकारियों द्वारा शिकार के लिए खेत में लगाये गये फंदे में तेंदुआ के फंसने की खबर है। तेंदुआ फंदे में फंसा घायल घूम रहा था, ग्रामीणों से सूचना मिलने पर वन विभाग ने घायल तेंदुआ को रेस्क्यू किया और डॉक स्क्वाट की ममद से शिकारी को गिरफ्तार कर लिया।**

तेंदुआ स्वस्थ्य बताया जाता है। इसके पूर्व बताया गया था कि उचेहरा परसमानिया पहाड़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खोह से लगे पहाड़ के समीप खेतों में लगे फंदे में एक तेंदुआ के फंसने से हड़कंप मचा हुआ हुआ है।

जिससे वह खूंखार हो गया है ,ग्रामीण दहशत में है, वन विभाग का अमला खोजी कुत्ता के साथ तेंदुआ को पकड़ने व अपराधियों पर धड़ पकड़ के लिए दविश दे रही है, ग्रामीणों ने बताया है कि पास के जंगल में तेंदुआ ,हिरण सहित कई जानवर मौजूद है ।

# ब्रम्ह और जीव का मिलन ही महारास है :आचार्य निर्मल कुमार

## आज पधारेंगे जगतगुरु रामभद्राचार्य, महाशिवरात्रि में चारों पहर का होगा रुद्राभिषेक

नवभारत न्यूज

**नागौद 14 फरवरी। शिवराजपुर सतना में दहलान धाम सरकार में 22वे वार्षिकोत्सव श्री रुद्र महायज्ञ में संतो का महाकुंभ लगा हुआ है। रविवार को जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज का महायज्ञ में आगमन होगा।आयोजक रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने बताया निरंतर महायज्ञ में 12 ज्योतिर्लिंगों रुद्राभिषेक होता है संत भगवान के आगमन से शिवराजपुर तीर्थ स्वरुप हो गया है।**

मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने आज भागवत महापुराण में वर्णित रास पंचाध्याई प्रसंग भागवत रूपी शरीर के पंच प्राण के समान है। रसो वैस: वस्तुत: जहां ब्रह्म रस ही सर्वत्र उद्वेलित हो रहा हो वही महारास है। जीव और ब्रह्म का महामिलन ही रास है जहां ब्रह्म अपने ब्रह्मत्व और जीव अपना जीवत्व भूल जाए वही तो रास है। अनेकों ऋषि मुनियों ने बडी कठोरतम साधना करके अन्य युगों में भगवान से उनके मिलन और आलिंगन का वरदान मांगा था वही बडे बडे सिद्धात्मा अमलात्मा महात्मा गंण



वृज वनिता बन कर आए हैं। आज भगवान ने उनकी जन्म जन्मांतर की साधना परिपूर्ण किया है। यह रासलीला किसी नर बालक बालिकाओं का नृत्य नहीं है इसमें वासना की गंध भी नहीं है। यह जीव का दिव्य महाभाव है साधना के चरम पर पहुंची हुई साधिका हैं ए वृज की गोपियां। इन्द्र ब्रह्मादिक भी इस महारास को देखने के लिए आ जाते हैं अखिल ब्रह्मांड इस महाभाव में डूब जाता है मानव रास लीला की कथा का श्रवण मनन चिंतन और पठन करने से समस्त हृदय रोगों काम क्रोध लोभ मोह मद आदि से मुक्त हो जाता है। अस्तु मानव को बडी श्रद्धा से इस रामलीला कथा का श्रवण करना चाहिए। मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने आज भागवत कथा में रास लीला की कथा सुनाते हुए व्यक्त किया। इससे पूर्व आपने भगवान श्री कृष्ण की अनेकों रसमई कथाओं का वर्णन करते हुए कहा कि परमात्मा की लीला तर्क कुतर्क से नहीं श्रद्धा से जानी जाती है। अगर बुद्धि के बल पर उन्हें जानना चाहेंगे तो ब्रह्मा को भी इसमें मोह होने की संभावना है। भगवान को गोप बालकों के साथ भोजन करते हुए देख कर ब्रह्मा ने परीक्षा लेने का प्रयास किया।सारे गोप और गायों को ब्रह्मा ने एक कंदरा में बंद कर दिया वर्ष भर बंद किए रहे इधर भगवान स्वयं गोप बालकों और गायों के रूप में परिवर्तित हो गये वर्ष भर किसी को इस लीला का पता ही नहीं चला।अंत में ब्रह्मा भगवान कृष्ण के शरण में आकर क्षमा याचना करते हुए चरणों में गिरे।

# दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026 में मध्य प्रदेश की विजय

## मैहर के अंकित सिंह बघेल बने जीत के सूत्रधार,टीम सतना - मैहर के 4 खिलाड़ी

नवभारत न्यूज

**मैहर / पटना 14 फरवरी। बिहार क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 11 एवं 12 फरवरी को ऊर्जा स्टेडियम, पटना में आयोजित दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026 में मध्य प्रदेश ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।**

डेनाइट प्रारूप में खेले गए फाइनल मुकाबले में मध्य प्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 2 विकेट से पराजित कर गौरवपूर्ण विजय दर्ज की। टीम में सतना मैहर के 4



खिलाड़ी शामिल रहे। टूर्नामेंट में मैहर जिले के प्रतिभाशाली हरफनमौला खिलाड़ी अंकित सिंह बघेल ने असाधारण प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश की सफलता में केंद्रीय भूमिका निभाई। उन्होंने प्रतियोगिता में 130 रन बनाए और 9 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तथा दो बार मैन ऑफ द मैच के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश टीम के कप्तान माखन सिंह राजपूत के नेतृत्व और कोच अंकित रॉकी शर्मा के मार्गदर्शन में टीम ने अनुशासन, समर्पण और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कोच अंकित रॉकी शर्मा ने कहा, अंकित सिंह बघेल सहित पूरी टीम ने अद्भुत जज्बा दिखाया है। यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और सम्मान की जीत है। मैहर के अंकित सिंह बघेल की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र और मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

# जान जोखिम में डाल करते हैं यात्रा

नवभारत न्यूज

**नागौद 14 फरवरी। यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए लोग टैक्सी में जान जोखिम में डालकर लोग कमांडर, जीप की छत एवं बोनट पर बैठाकर गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जाता है।**



नागौद से रहिकवारा गुढा चलने वाली टैक्सी प्रतिदिन उदय चौक से संचालित होती है जो सुरदहा मार्ग होते हुए पहाड़ के कई गांव से गुजरती है टैक्सी संचालक नियमों को ताक में रखकर करता है टैक्सी का संचालक टैक्सी मालिक खुद ड्राइवरी करता है और ठूंस ठूंस सवारियां भरता है कहीं नहीं रहती पैर रखने की जगह लगेज भी लोडर की भांति भरा जाता है ब्रेक मारते ही गाड़ी असंतुलित हो जाती है कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है पूर्व में दुर्घटना हो चुकी है लेकिन प्रशासन अंजान बना हुआ है।

### एक नजर में




### लायंस क्लब उद्धव ने किया पौधारोपण

**कोटर**। लायंस क्लब उद्धव कोटर द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु आम जामुन के 25 से अधिक वृक्ष लगाए गए। क्लब के सचिव सव्यसाची मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बस स्टैंड के पास क्लब सदस्य यज्ञनारायण मिश्रा के बगीचे में आम के 5 पौधे एवं नदी के किनारे योगेंद्र केवट के बटआई के खेत में 15 आम के पेड़ लगाए गए एवं यह संकल्प लिया गया कि सभी सुरक्षित रहेंगे एवं ऑक्सीजन एवं फल देंगे। कार्यक्रम में क्लब के विपिन शर्मा, सव्यसाची मिश्रा, यज्ञनारायण मिश्रा ,अमर नाथ शुक्ला, अनुपम मिश्रा, मुनीश मिश्रा, लायंस क्लब सतना के सचिव डॉ रमेश मिश्रा, योगेंद्र केवट ,ज्ञान सिंह उपस्थित रहे ।विदित हो कि उक्त पौधे गोविंदगढ़ उद्यानिकी से लाए गए थे इस प्रकार पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पेड़ लगाने को लायंस क्लब उद्धव दृढ़ संकल्पित है एक वृक्ष 10 पुत्रों के समान है।

### उचेहरा में महाशिवरात्रि पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे

**उचेहरा** ।महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज नगर व क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड होने की संभावना है। इस दौरान रामायण ,पूजा पाठ कर भोलेनाथ को प्रसन्न किया जाएगा। नगर के प्राचीन गौरी शंकर मंदिर से भोलेनाथ की बारात जिसमें भूत पिशाच ,नंदी नगर के भ्रमण पर निकलेंगे, बारात का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा, भूतेश्वर महादेव धनिया बरुआ नदी के किनारे एवं रगला शिवालय में , तथा मैहर मार्ग सिद्धनाथ मंदिर में विशाल नगरभंडारे का आयोजन किया गया है, एवं ग्राम गोवरांव कला के शंकरगढ़ पहाड़ी प्राचीन शिव मंदिर में तीन दिवसीय मेला भरेगा ।



# मृत गाय को ट्रैक्टर ट्राली से घसीटा नगर परिषद अमले ने

नवभारत न्यूज

**कोठी 14 फरवरी। आज कोठी में अमानवीयता का दृश्य सुबह-सुबह लोगों ने देखकर नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं।**

किला रोड में एक गाय की मौत हो गई थी, मोहल्ले वालों ने नगर परिषद को सूचना दिया था जिसके बाद कर्मचारियों ने मृत गाय को टायर में बांधकर ट्रैक्टर ट्राली से घसीटते हुए ले गए जो लोगों से नहीं सहा गया और लोगों ने कहा कि नगर परिषद कोठी में मृत पशुओं के ले जाने के लिए भी कोई सही व्यवस्था नहीं है और गोवंश के साथ इस तरह क्रूरता अच्छी नहीं है



जीते जी तो वह लोगों द्वारा दी जाने वाली प्रताड़ना झेलती ही है परंतु उसके मृत्यु के बाद भी उसके साथ दुर्व्यवहार होना ठीक नहीं है यह मानवता को शर्मसार करने वाली तस्वीर है और जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली एवं व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करती है कि कोठी में यह सब आए दिन होता है। लोगों ने कहा कि कहने को भाजपा और बजरंग दल वालों की सरकार है और इस सरकार में गाय की क्या हालत है यह किसी से छुपी हुई नहीं है और सर्वप्रथम यह गाय के नाम से ही प्रदेश में स्थापित हुई थी।

# बजरंग क्रिकेट टूर्नामेंट में बिरसिंहपुर की शानदार जीत

नवभारत न्यूज

**बिरसिंहपुर 14 फरवरी ।आज बजरंग क्रिकेट टूर्नामेंट का महामुकाबला बिरसिंहपुर बनाम कोटर के बीच खेला गया, जिसमें बिरसिंहपुर ने जीत का परचम लहराया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोटर की टीम ने 97 रनों का लक्ष्य रखा, जिसे बिरसिंहपुर ने 98 रन बनाकर आसानी से हासिल कर लिया।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुलाब शुक्ला (युवा उद्योगपति एवं डायरेक्टर, अभय ग्रुप ऑफ कंपनीज) उपस्थित रहे। उन्होंने



दोनों टीमों का उत्साहवर्धन करते हुए 2100-2100 रुपये का पुरस्कार दिया, जबकि विजेता टीम को 5100 रुपये की राशि से सम्मानित किया।

भविष्य के लिए बड़े ऐलान- श्री शुक्ला ने घोषणा की कि अगला टूर्नामेंट इससे भी भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने सामाजिक सरोकार दिखाते हुए गैवीनाथ स्टेडियम के समीप स्थित पुराने मंदिर की मरम्मत करवाने का भी संकल्प लिया।

# श्री गौशाला फट्टी बाबा आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा 22 से

नवभारत न्यूज

**अमदरा 14 फरवरी। श्री गौशाला फट्टी बाबा आश्रम निर्माणधीन कलेक्टर भवन कटनी रोड मैहर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है।**

रविवार को 22 फरवरी 2026 में शोभा यात्रा का मंडप प्रवेश एवं 23 फरवरी सोमवार को कपिल उपाख्यान एवं धूप चरित्र 24 फरवरी मंगलवार को प्रहलाद चरित्र एवं वामन अवतार 25 फरवरी बुधवार को कृष्ण जन्म उत्सव 26 फरवरी गुरुवार को कृष्ण लीला गोवर्धन पूजा 27 फरवरी शुक्रवार को रुक्मणी विवाह श्री जी का कनछेदन शनिवार 28 फरवरी को श्री कृष्ण सुदामा मिलन कथा राम



दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं 28 फरवरी को मां दुर्गा जी की प्राण प्रतिष्ठा तथा शनिवार 28 फरवरी को ही चारों धाम हवन रात्रि में एवं एक मार्च को पूर्णाहुति के साथ ब्राह्मण भोज एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा कथा वाचक श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य देव प्रवर प्रपन्नाचार्य महाराज युवराज स्वामी पुरानी लंका आश्रम चित्रकूट धाम के होंगे। सीताराम महाराज और पं सुरेश तिवारी ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भक्तिरस लेने की अपील भक्तों से की है।

# वायदा खिलाफी पर पुन : अनशन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**रामनगर (मैहर), 14 फरवरी । मैहर जिले के रामनगर नगर परिषद में सफाई कर्मचारियों का लंबे समय से चला आ रहा संघर्ष एक बार फिर विवादों में घिर गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) लखन लाल ताम्रकार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उन्होंने भ्रामक वादों और लिखित समझौते के दम पर 140 से अधिक दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन अनशन जबरन समाप्त करवाया, लेकिन समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया।**

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सीएमओ के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा 22 फरवरी से पुन: अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

**आंदोलन की शुरुआत और समझौता**-यह विवाद जनवरी 2026 से गहराया था, जब आउटसोर्सिंग/ठेका प्रथा के खिलाफ कर्मचारियों ने क्रमिक अनशन शुरू किया, जो बाद में अनिश्चितकालीन हो गया। कर्मचारियों की मुख्य मांगें थीं ङ्क ठेका प्रथा तत्काल रद्द करना, बकाया वेतन और ईपीएफओ जमा का भुगतान, तथा 10 वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों का नियमितीकरण। अनशन के दबाव और शहर में सफाई व्यवस्था ठप होने से स्वास्थ्य संकट पैदा होने के बाद 24 जनवरी 2026 को अनुविभागीय दंडाधिकारी (स्ष्ठरू) रामनगर, थाना प्रभारी रामनगर और तहसीलदार जिला अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा एवं पार्षद रामनगर की उपस्थिति में लिखित समझौता हुआ।

सीएमओ लखन लाल ताम्रकार ने खुद हस्ताक्षर कर वादा किया था कि आउटसोर्सिंग प्रथा तत्काल रद्द की जाएगी ,15 दिनों के अंदर बकाया वेतन और ईपीएफओ जमा का भुगतान होगा, सभी कर्मचारियों को नियमित सेवा में बहाल किया जाएगा।

इस समझौते के आधार पर कर्मचारियों ने अनशन समाप्त किया और सफाई व्यवस्था बहाल करने में सहयोग किया। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, शासन के निर्देश पर ठेका प्रथा रद्द करने का आदेश भी जारी हुआ था।

### भव्या ने किया नाम रोशन



**सतना** । भव्या ने सेना की टेक्निकल एंट्री में ऑल इंडिया रैंक-1, हासिल कर माता-पिता और चाचा का देश में नाम रोशन किया। कहते हैं जब मन में कुछ करने का ज?बा हो तब मुस्किल सी मुस्किल राहें आसान हो जाती है कुछ इसी जज्बे के साथ झाबुआ की बेटी और नगर के प्रतिष्ठित डॉ की भतीजी ने देश में अपना नाम रोशन कर दिखाया उनकी इस मिली कामयाबी पर चाचा के घर बधाई देनेवालो का तांता लगा हुआ है। झाबुआ निवासी प्रतिष्ठित मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके त्रिपाठी , प्रोफेसर डॉ. प्रीति त्रिपाठी की बेटी और डॉ अशोक समदरिया की भतीजी भव्या ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर झाबुआ जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है।



### महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष से प्रभा जित्तू बागरी ने मुलाकात

**कोठी** ।रैगांव विधानसभा की कांग्रेस नेत्री महिला प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती प्रभा जित्तू बागरी ने मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया से मिलकर अपनी विधानसभा की राजनीतिक वस्तु स्थिति को अवगत कराया ।सतना प्रवास पर आई प्रदेश अध्यक्ष से सतना के सिटी पार्क में भेंट कर माता की चुनरी पहनाते हुए प्रथम नगर आगमन पर स्वागत किया और मुलाकात कर राजनीतिक वस्तु स्थिति को अवगत कराया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर सामने आगे ले जाने के विषय में चर्चा की साथ ही राजनीतिक अन्य सुझावों पर भी विचार विमर्श किया।

### शांतिपूर्ण शुरु हुई 10 वीं की परीक्षा, 7 छात्र अनुपस्थित

**अमदरा** ।10वीं बोर्ड की परीक्षा अमदरा केंद्र में शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हुई। परीक्षा का आयोजन केंद्राध्यक्ष रामनिवास कुशवाहा, सहायक केंद्राध्यक्ष राम कौशल दास, कलेक्टर प्रतिनिधि जगत नारायण मिश्रा के सहयोग से हुआ। कुल 210 परीक्षार्थियों में से 7 अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक केंद्राध्यक्ष राम कौशल दास एवं संचालक संजय शुक्ला ने सभी को बधाई दी।